**SUBJECT : HINDI (हिन्दी)**

# BLUE PRINT

**DURATION : 3 HRS. 15 MINS.**

**TEACHING HOURS : 120** **YEAR : II P.U.C** **MAX. MARKS : 100**

**SUBJECT. CODE : 03**

| | OBJECTIVES → | NO.OF HOURS ALLOTTED | MARKS ALLOTTED | KNOWLEDGE | | | COMPREHENSION | | | EXPRESSION | | | APPRECIATION | | | TOTAL | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | QUESTION CARRYING MARKS → | | | VSA | SA | ET | VSA | SA | ET | VSA | SA | ET | VSA | SA | ET | VSA | SA | ET |
| | UNITS/SUB UNITS ↓ | | | 1 | 3 | 4/5 | 1 | 3 | 4/5 | 1 | 3 | 4/5 | 1 | 3 | 4/5 | 1 | 3 | 4/5 |
| | गद्य भाग | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | सुजान भगत | 6 | 5 | 1 | | | 1 | 1 | | | | | | | | 2 | 1 | |
| 2 | कर्त्तव्य और सत्यता | 3 | 4 | 1 | | | | | | | 1 | | | | | 1 | 1 | |
| 3 | गंगा मैया से साक्षात्कार | 3 | 4 | | | | 1 | | | | 1* | | | | | 1 | | |
| 4 | एक कहानी यह भी | 5 | 5 | 1 | | | 1 | 1* | | | | | | | | 2 | | |
| 5 | भारतरत्न विश्वेश्वरय्या | 4 | 4 | 1 | | | | 1 | | | | | | | | 1 | 1 | |
| 6 | चीफ़ की दावत | 5 | 5 | 1 | | | 1 | 1 | | | | | | | | 2 | 1 | |
| 7 | भोलाराम का जीव | 3 | 6 | | | | | 1* | | | 1* | | | | | | | |
| 8 | यात्रा जापान की | 6 | 4 | 1 | | | | | | | 1 | | | | | 1 | 1 | |
| | पद्य भाग – मध्यकालीन | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | रैदासबानी | 3 | 5 | 1 | | | | | | | | 1 | | | | 1 | | 1 |
| 2 | सूरदास के पद | 3 | 1 | 1 | | | | | | | | | | | | 1 | | |
| 3 | रहीम के दोहे | 3 | 3 | | | | | 1 | | | | | | | | | 1 | |
| 4 | बिहारी के दोहे | 3 | 4 | | | | | | | | | 1* | | | | | | |
| | आधुनिक कविता | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | अधिकार | 3 | 3 | | | | | 1* | | | | | | | | | | |
| 2 | गहने | 2 | 4 | | | | | | | | | 1 | | | | | | 1 |
| 3 | कायर मत बन | 3 | 1 | 1 | | | | | | | | | | | | 1 | | |
| 4 | एक वृक्ष की हत्या | 3 | 5 | 1 | | | | | | | | 1* | | | | 1 | | |
| 5 | भारत को धरती | 4 | 4 | 1 | | | | 1* | | | | | | | | 1 | | |
| 6 | हो गई है पीर पर्वत-सी | 3 | 4 | 1 | | | | 1 | | | | | | | | 1 | 1 | |
| | अपठित (एकांकियाँ) | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | सूखी डाली | 12 | 12 | 2 | | | | | 2 (1) | | | | | | | 2 | | 1 |
| 2 | प्रतिशोध | 8 | 12 | 2 | | | | | 2 (1) | | | | | | | 2 | | 1 |
| | व्याकरण तथा रचना | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | वाक्य शुद्धि | 3 | 4 | | | | | | | 4 | | | | | | 4 | | |
| 2 | रिक्त स्थान की पूर्ति | 3 | 5 | | | | 5 | | | | | | | | | 5 | | |
| 3 | काल परिवर्तन | 3 | 3 | | | | | | | 3 | | | | | | 3 | | |
| 4 | मुहावरे | 3 | 5 | 5 | | | | | | | | | | | | 5 | | |
| 5 | लिंग | 3 | 3 | 3 | | | | | | | | | | | | 3 | | |
| 6 | अनेक शब्दों के लिए एक शब्द | 3 | 2 | 2 | | | | | | | | | | | | 2 | | |
| 7 | उपसर्ग | 2 | 2 | 2 | | | | | | | | | | | | 2 | | |
| 8 | प्रत्यय | 2 | 2 | 2 | | | | | | | | | | | | 2 | | |
| 9 | निबंध | 4 | 5 | | | | | | | | | 1 | | | | | | 1 |
| 10 | पत्र | 3 | 5 | | | | | | | | | 1* | | | | | | |
| 11 | अपठित गद्यांश | 3 | 5 | | | | 5 | | | | | | | | | 5 | | |
| 12 | अनुवाद | 3 | 5 | | | | | | | | | | 5 | | | 5 | | |
| | **Total** | 120 Hrs | 141 Marks | 30 | | | 14 | 15 | 10 | 07 | 06 | 13 | 05 | | | 56 | 21 | 23 |
| | | | | | | | | 39 | | | 26 | | | | | | 100 Marks | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| KNOWLEDGE | = 30% | WEIGHTAGE TO DIFFICULTY LEVEL | |
| COMPREHENSION | = 39% | EASY | = 35% |
| EXPRESSION | = 26% | AVERAGE | = 50% |
| APPRECIATION | = 05% | DIFFICULT | = 15% |

# MODEL QUESTION PAPER

**II PUC**

**HINDI (03 )**

**TIME: 3 Hrs. 15 Minutes.** **MAX.MARKS : 100**

**(Total No.of Questions: 48 )**

---

सूचना : 1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
2) प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।
3) बहुवैकल्पिक प्रश्नों (1 से 12) के उत्तर एक ही स्थान पर लिखना अनिवार्य है।

I. अ) गद्य भाग के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए : 6x1=6

1. 'कर्त्तव्य और सत्यता' निबंध के लेखक कौन हैं ?
   i) प्रेमचंद ii) हरिशंकर परसाई
   iii) डॉ. श्यामसुंदर दास iv) डॉ. भीष्म साहनी
2. अजमेर से पहले मन्नू के पिता कहाँ थे ?
   i) इंदौर ii) जबलपुर
   iii) इटावा iv) दिल्ली
3. किस नदी में भयंकर बाढ़ आती थी ?
   i) कावेरी ii) गंगा
   iii) नर्मदा iv) मूसी
4. माँ मन ही मन किसके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएँ करने लगीं ?
   i) चीफ़ साहब ii) शामनाथ की पत्नी
   iii) शामनाथ के iv) मेम साहब
5. घर में किसका राज होता है ?
   i) जो पढ़ता है ii) जो कमाता है
   iii) जो सोचता है iv) जो बातें करता है
6. 'पानी' के लिए जापानी भाषा में कौन-सा शब्द है ?
   i) मिजु ii) हाय
   iii) इय iv) ऊकी

आ) एकांकी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए : 4x1=4

7. दादा जी के अनुसार उनका परिवार किस पेड़ के समान है ?
   i) आम ii) बरगद iii) पीपल iv) नीम

8. व्यक्ति किन गुणों से बड़ा होता है ?

i) बुद्धि और योग्यता से   ii) उम्र से

iii) पद से   iv) घृणा से

9. भारवि से मिलने आयी स्त्री का नाम लिखिए ।

i) आभा   ii) सुशीला   iii) मालती   iv) भारती

10. पुत्र को कौन निर्वासित कर सकता है ?

i) माता   ii) पिता   iii) भाई   iv) पण्डित

इ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए : 5x1=5

(विज्ञान, स्वभाव, पुस्तक, समाज, पावन)

11. i) उसके ............... में मधुरता है ।

ii) साहित्य ............... का दर्पण है ।

iii) वह सरस्वती देवी का .............. मंदिर है ।

iv) आज का युग ................. का युग है ।

v) उस ............. का क्या मूल्य है ?

ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 5x1=5

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. i) | हवा से बातें करना | 1. | असहनीय दुःख होना |
| ii) | सिर पर भूत सवार होना | 2. | रूठ जाना |
| iii) | कलेजा फटना | 3. | धुन सवार होना |
| iv) | मुँह फुलाना | 4. | सफल न होना |
| v) | दाल न गलना | 5. | तेज दौड़ना |

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3x3=9

13. सुजान महतो की सम्पत्ति बढ़ी तो क्या करने लगा ?

14. मन्नू भण्डारी के बचपन के बारे में लिखिए ।

15. बरामदे में पहुँचते ही शामनाथ क्यों ठिठक गए ?

16. चित्रगुप्त ने धर्मराज से क्या कहा ?

17. विश्वेश्वरय्या की प्रसिद्धि तथा पदोन्नति देख कुछ इंजीनियर क्यों जलते थे ?

आ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ? 4x1=4

18. 'चरित्र के अस्तित्व को किसने मिटाया ?'

19. 'दिन भर एक न एक खुचड़ निकालते रहते हैं ।'

20. 'पर पिताजी ! कितनी तरह के अंतर्विरोधों के बीच जीते थे वे ।'

21. 'माँ का क्या होगा ?'

इ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2x3=6

22. 'सत्य बोलने ही से समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक हमारा समय बिता सकेंगे ।'
23. 'सेवाहि परमोधर्म' के स्थान पर लोग 'मेवाहि परमोधर्म' कहने लगे हैं ।
24. 'चिंता में घुलते-घुलते और भूखे मरते-मरते उन्होंने दम तोड़ दिया ।'
25. 'यहाँ प्रकृति की तूलिका में सात से अधिक रंग दिखाई दे रहे हैं ।'

III.अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 6x1=6

26. रैदास अपने आपको किसका सेवक मानते हैं ?
27. श्रीकृष्ण के अनुसार किसने सब माखन खा लिया ?
28. कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को किसने सींचा है ?
29. हवा को क्या हो जाने से बचाना है ?
30. इन्द्रपुरी किसके सामने पानी भरती है ?
31. कवि का क्या मकसद नहीं है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2x3=6

32. रहीम जी ने चिता और चिन्ता के अंतर को कैसे समझाया है ? स्पष्ट कीजिए ।
33. फूल एवं तारों के विषय में कवयित्री महोदेवी वर्मा क्या कहती हैं ?
34 बिहार राज्य की भव्यता का वर्णन कीजिए ।
35. 'हो गई है पीर पर्वत सी' ग़ज़ल से पाठकों को क्या संदेश मिलता है ?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2x4=8

36. अब कैसे छूटै राम रट लागी ।
प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,
जाकी अंग-अंग बास समानी ।
प्रभु जी तुम घन बन, हम मोरा ।
जैसे चितवत चंद चकोरा ।।

अथवा

समै-समै सुन्दर सबै, रूप कुरूप न कोइ ।
मन की रुचि जेती जितै, तित तेती रुचि होइ ।।

37. धूप में बारिश में,
गर्मी में, सर्दी में,
हमेशा चौकन्ना
अपनी ख़ाकी वर्दी में ।
दूर से ही ललकारता, 'कौन ?'
मैं जवाब देता, 'दोस्त !'

अथवा

ताकि दिखाई दो सुंदर, बहुत ही सुंदर-यों कहती ह
सुंदर लगे किसको, कहो माँ ?
देखनेवालों को लगता है सुंदर, देता है आनंद;
मगर मुझे बनता है बड़ा बंधन !

IV.) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2x5=10

38. रजवा ने छोटी भाभी से क्या कहा ?

अथवा

दादाजी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

39. 'अहंकार उन्नति में बाधक है।' एकांकी के आधार पर श्रीधर के इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

सुशीला का चरित्र-चित्रण कीजिए।

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 4x1=4

40. i) यह एक इतिहासिक घटना है।
ii) श्यामा ने कहानी सुनाया।
iii) मैं आप पर इज्ज़त करता हूँ ।
iv) जंगल में बड़ा अंधकार है।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 3x1=3

41. i) शीला कपड़े धोती थी । (वर्तमान काल में बदलिए)
ii) आत्मानंद देश की सेवा करता है । (भूत काल में बदलिए)
iii) अंधी लकड़ी के सहारे मार्ग तय करती है । (भविष्यत् काल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रूप लिखिए : 3x1=3

42. 1) नर 2) पापिन 3) अभिनेता

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : 2x1=2

43. i) सदा सत्य बोलनेवाला
ii) जानने की इच्छा रखनेवाला

उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नये शब्दों का निर्माण कीजिए : 2x1=2

44. 1) क्रमण 2) दोष

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए : 2x1=2

45. 1) महत्वपूर्ण 2) जानकारी

VI.अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : 1x5=5

46. 1) देशाटन 2) व्यायाम का महत्व 3) समाज सेवा

अथवा

छात्रावास से अपनी माता जी को एक पत्र लिखिए ।

आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5x1=5

47. इंग्लैंड में होमर लेन एक चिंतनशील व्यक्ति था । उसे प्रेम शक्ति पर अटूट विश्वास था। उसकी प्रयोगसिद्ध अनुभूत वाणी थी । प्रेम कठोरता को कोमलता में बदल सकता है। वह पत्थर को नवनीत, आग को पानी, परुष को पुरुष, दानव को मानव बना सकता है। वह कठोरतम अपराधी बालक को आश्रम में भर्ती करता था । वह धीरे-धीरे प्रेमपूर्ण हल्की थपकियों से उसके कोमल अंकुरों को सहलाता था । इससे उसकी कठोरता शनैः-शनैः सूख जाती थी और कोमलता अंकुरित हो उठती थी।

एक बार एक कोर्ट में ऐसा लड़का उपस्थित किया गया, जो तीन बार चोरी कर चुका था। न्यायाधीश ने उसे तीन वर्ष की जेल का हुक्म दिया। जब होमर को ज्ञात हुआ, वह कोर्ट में पहुँचा। उसे आश्रम में भर्ती करने की माँग की। न्यायाधीश ने उसके लिए स्वीकृति दी। होमर उस उद्दंड लड़के जॉन को अपने साथ आश्रम में ले आया, लेकिन उसकी तोड़-फोड़ की प्रवृत्ति से आश्रम के सारे लड़के कुछ दिनों में ही तंग आ गए । एक दिन छात्र एवं अध्यापक शिकायत के प्रश्न लेकर होमर लेन के पास आए और कहने लगे- आप यह आफ़त की पुड़िया यहाँ कहाँ से ले आए ? अगर आपको आश्रम चलाना है, तो इसे आश्रम से मुक्ति-पत्र दे दीजिए।

होमर ने कहा - इसलिए मुझे इस पर अनुकंपा आती है । ऐसा ज्ञात होता है कि इसे प्रेम नहीं मिला । जिसे प्रेम नहीं मिलता है वह नीरस, रूखा, कठोर एवं उद्दंड बन जाता है । मुझे विश्वास है कि उसे प्रेम का प्याला पिलाने से वह शिष्ट, समझदार एवं शालीन बन जाएगा ।

प्रश्न : i) होमर लेन किस प्रकार का व्यक्ति था ?

ii) वह अपराधी बालक को कहाँ भर्ती करता था ?

iii) आश्रम के सारे लड़के क्यों तंग आ गए ?

iv) आश्रम के छात्रों एवं अध्यापकों ने होमर लेन से क्या माँग की ?

v) जिसे प्रेम नहीं मिलता, वह किस प्रकार का बन जाता है ?

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5x1=5

48. i) ಕಠಿಣ ಪರಿಶ್ರಮವಿಲ್ಲದೇ ಸಫಲತೆಯು ಸಿಗಲಾರದು.

There is no success without hardwork.

ii) ಮೊಬೈಲ್ ಫೋನಿಲ್ಲದೆ ನಾವು ಬದುಕಲಾರೆವೇ ?

Can't we live without mobile phone ?

iii) ನಾವು ಬೇಗ ಎದ್ದರೆ ಸೂರ್ಯೋದಯವನ್ನು ನೋಡಬಹುದು.

If we get up early, we can see sun rise.

iv) ಭಾಷೆಯು ಸರಳವಾಗಿ ಅರ್ಥವಾಗುವಂತಿರಬೇಕು.

Language should be simple and easy to understand.

v) ನಿಮ್ಮ ತಂದೆ ತಾಯಿಯವರಿಗೆ ನನ್ನ ಪ್ರಣಾಮಗಳನ್ನು ತಿಳಿಸು.

Give my regards to your parents.

***